सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 27 दिसम्बर, 2024

उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नित्यानंद स्वामी की जयंती के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग किया और नित्यानंद स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने श्री नित्यानंद स्वामी जनसेवा समिति की ओर से कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ''श्री नित्यानंद स्वामी स्वच्छ राजनीतिज्ञ सम्मान'' से सम्मानित किया।

समिति की ओर से राज्यपाल ने उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सुप्रसिद्ध टीवी निर्देशक श्री भारत कुकरेती एवं पर्यावरणविद श्रीमती विमला बहुगुणा को सम्मानित किया। सांस्कृतिक संपदा अलंकरण से उत्तराखण्डी लोक गायिका श्रीमती कमला देवी, उद्योग अलंकरण से सी.ई.ओ. सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर श्री अजय गुप्ता, चिकित्सा सेवा अलंकरण से निदेशक मेडिकल एजुकेशन उत्तराखण्ड डॉ. आशुतोष सयाना, पर्यावरण अलंकरण से पर्यावरणविद श्रीमती प्रभा देवी, शिक्षाविद् अलंकरण से प्रसिद्ध लेखक एवं वैदिक विद्वान डॉ. कृष्ण कान्त एवं पर्यटन अलंकरण से मुख्य संचालक, मोहना हाउस, चकराता श्री जयपाल सिंह चौहान को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि स्वामी जी एक सच्चे जनसेवक और ईमानदार राजनेता थे जिन्होंने अपने जीवन में राजनीति को लोक कल्याण और सेवा का माध्यम बनाया। उनका जीवन दर्शन, अंत्योदय के सिद्धांत को चरितार्थ करता है, जिसमें समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने की प्रतिबद्धता दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि स्वामी जी एक सहृदय, बहु–प्रतिभाशाली और मधुर भाषी व्यक्तित्व थे। उनकी साधारणता और धैर्य उनका मजबूत पक्ष था। उन्होंने सकारात्मक राजनीति और शुचिता के साथ विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया गया कार्य समाज और राष्ट्र को प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकता है। उन्होंने स्वामी जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सभी से नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता को अपनाने का संकल्प लेने की अपील की।

इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, श्री प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, सांसद श्री नरेश बंसल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में विधायक श्री मुन्ना सिंह चौहान, शिक्षाविद् श्री एन एल गुप्ता, समिति के अध्यक्ष डॉ. आर.के. बक्शी, उपाध्यक्ष ज्योत्सना शर्मा, सचिव राहुल अग्रवाल, संरक्षक डॉ. एस. फारूख, अध्यक्ष युवा संगठन–''जय'' विनायक शर्मा स्वामी, उपाध्यक्ष–''जय'' प्रेरणा गुलाटी, सचिव–''जय'' प्रज्ञा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

............0............